लोक सभा अध्यक्ष ने लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों के लिए

आवास परिसर का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 25 मार्च, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज आर के पुरम, नई दिल्ली में लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों के लिए एक आवास परिसर का उद्घाटन किया।

शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, श्री एम वेंकैया नायडू; लोकसभा उपाध्यक्ष डा. एम. थाम्बी दुरई; शहरी विकास तथा आवास और गरीबी उपशमन राज्य मंत्री, श्री बाबुल सुप्रियो; संसद सदस्य, श्रीमती मीनाक्षी लेखी और लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्रा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस आवासीय परिसर का डिज़ाइन और निर्माण केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने किया है और इसमें लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के लिए 184 आवासीय क्वार्टर हैं। इस परिसर का कुल निर्मित क्षेत्र 25489. 14 वर्ग मी है। इस परिसर का डिज़ाइन हरित और स्वच्छ पर्यावरण के सिद्धांतों पर आधारित है । पर्यावरण संरक्षण के लिए इस परिसर में वर्षा जल संचयन, बागबानी के लिए शोधित जल का प्रयोग, सौर ऊर्जा चालित एल ईडी लाइटें आदि शामिल हैं। इसके अलावा, इस परिसर को सुन्दर और सुरुचिपूर्ण बनाने के लिए इसमें 1 .25 एकड़ लॉन क्षेत्र को सुन्दर आकार दिया गया है और लॉन के किनारे किनारे 6000 पौधे, 800 पेड़ और 4100 झाड़ियाँ लगाई गई हैं तथा ग्राउंड कवर और सजावटी पौधे भी लगाए गए हैं।